Serial Number

Roll No.

Total No. of Questions : 28

Total No. of Printed Pages : 8

# M-202

## High School, Examination (Regular) - 2021

## हिन्दी (सामान्य)

## HINDI (General)

Time : 3 Hours ] [ Maximum Marks : 100

निर्देश :

(i) प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिये 1×5=5 अंक निर्धारित हैं। कुल अंक 1×5×5=25 हैं।

(ii) प्रश्न क्रमांक 6 से 15 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए दो–दो अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 30 शब्द है।

(iii) प्रश्न क्रमांक 16 से 21 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए तीन–तीन अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 30 से 75 शब्द है।

(iv) प्रश्न क्रमांक 22 से 24 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए चार–चार अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 75 से 120 शब्द है।

(v) प्रश्न क्रमांक 25 से 27 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए पाँच–पाँच अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 120 से 150 शब्द है।

(vi) प्रश्न क्रमांक 28 के लिए शब्द सीमा लगभग 200 से 250 शब्द निर्धारित है। खण्ड–अ के लिए 7 अंक तथा खण्ड–ब के लिए 3 अंक। इस प्रकार 7+3=10 अंक निर्धारित हैं।

1 सही विकल्प चुनकर रिक ानों की पूर्ति कीजिए : 1×5=5

(i) कर्मवीर ________ से डरते नहीं हैं । (हवाओं / बाधाओं)

(ii) श्री राम की कृपा से संसार की ________ रूपी रात्रि समाप्त हो गयी है ।
(माया–मोह / काया–कल्प)

(iii) शिक्षा मात्र ________ तथा यश प्राप्ति का साधन नहीं है । (सुख / धनोपार्जन)

(iv) निबंध मुख्य रूप से ________ प्रकार के होते हैं । (तीन / चार)

(v) भोजनालय का संधि विच्छेद होगा ________ । (भोजन+आलय / भोज+नालय)

2 सही विकल्प का चयन कर लिखिए : 1×5=5

(i) श्री राम के उपासक हैं –

(अ) सूरदास (ब) तुलसीदास

(स) मीराबाई (द) कबीर

(ii) पूर्व और नूतन का जहाँ मेल होता है वही उच्च संस्कृति की भूमि है ।

(अ) उपजाऊ (ब) अंकुरित

(स) व्यापक (द) महाफल देनेवाली

(iii) माटी वाली पाठ किस विधा में लिखी गयी है ?

(अ) कहानी (ब) एकांकी

(स) निबन्ध (द) लेख

(iv) स्वर संधि के कितने भेद हैं ?

(अ) दो (ब) तीन

(स) चार (द) पाँच

(v) नवग्रह किस समास का उदाहरण है ?

(अ) द्वन्द्व समास (ब) द्विगु समास

(स) कर्मधारय समास (द) बहुब्रीहि समास

3 सत्य / असत्य का चयन कर लिखिए : 1×5=5

(1) भारत देश सम्पूर्ण संसार को अपने आचरण से शिक्षा देने वाला विश्व गुरु रहा है ।

(2) शबरी राम–लक्ष्मण को बैठाने के लिए मृगछाल लाई थी ।

(3) हँसी मनुष्य के लिए वरदान है ।

(4) ओखली में सिर देना का अर्थ ओखली सिर पर रखना है ।

(5) चेतन का विलोम जड़ है ।

4 सही जोड़ी बनाइये : 1×5=5

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | बरखा गीत | – | (1) महावीर प्रसाद द्विवेदी |
| (ii) | मेरी जीवन रेखा | – | (2) नायब तहसीलदार |
| (iii) | परेश | – | (3) रमानाथ अवस्थी |
| (iv) | समय नहीं मिलता | – | (4) आग |
| (v) | अग्नि | – | (5) श्रीमन्नारायण अग्रवाल |
| | | – | (6) पानी |

5 एक वाक्य में उत्तर लिखिए : 1×5=5

(i) कर्मवीर कविता किसके द्वारा लिखी गयी है ?

(ii) शबरी का हृदय श्री राम के स्वागत हेतु कैसा होता है ?

(iii) इंडियन प्रेस में काम करते हुए द्विवेदी जी ने कौन सी पुस्तक लिखी ?

(iv) विशाल भारत के दो छोर कौन से हैं ?

(v) अंधेरा का पर्यायवाची शब्द लिखिए ।

6 हमें दुराग्रह क्यों छोड़ देना चाहिए ? 2

**अथवा**

संयुक्त परिवार का प्रतीक प्रस्तुत एकांकी में किसे बताया गया है ?

7 समय न मिलने का बहाना कैसे लोग करते हैं ? 2

अथवा

माटी वाली के भरण–पोषण का आधार क्या था ?

8 कहानी के छः तत्व लिखिए । 2

अथवा

निबन्ध के प्रमुख प्रकार लिखिए ।

9 एकांकी और नाटक के कोई दो अन्तर लिखिए । 2

अथवा

उपन्यास की कोई दो विशेषताएँ लिखिए ।

10 संधि की परिभाषा लिखते हुए संधि के प्रकार लिखिए । 2

अथवा

स्वर संधि के भेदों के नाम लिखिए ।

11 निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए : 2

उत्तीर्ण, प्रेम

अथवा

निम्नलिखित शब्दों के दो–दो पर्यायवाची शब्द लिखिए :

अहंकार, आकाश

12 समास कितने प्रकार के होते हैं ? नाम लिखिए ।

अथवा

वाक्य के भेद लिखिए ।

13 वाक्यांशों के लिए एक–एक शब्द लिखिए –

(1) सबसे आगे रहने वाला –

(2) जिसका पता न हो –

अथवा

अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध कीजिए –

(1) नौकाएँ नदी में तैर रहीं हैं ।

(2) महात्मा गांधी का देश सदा आभारी रहेगा

14 मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए –

(1) फूला न समाना

(2) अन्धे की लाठी

अथवा

निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तन कीजिए –

(1) आप मेरे साथ आओगे । – (प्रश्नवाचक वाक्य)

(2) शिव' कल भोपाल जाएगा । – (निषेधवाचक वाक्य)

15 निम्नलिखित शब्द में योजक चिह्न का प्रयोग कीजिए :

लड़ाई झगड़ा, माता पिता

अथवा

मुहावरे और लोकोक्ति में कोई दो अन्तर लिखिए ।

16 तुलसीदास जी ने परमहित किसे माना है ?

अथवा

किसी भी कार्य को बीच में न छोड़ने से क्या लाभ होता है ?

17 कर्मवीर मनुष्य की विशेषताएँ बताइए ।

अथवा

प्रकृति ने हमें क्या–क्या प्रदान किया है ? बताइए ।

18 वर्षा की प्रतीक्षा सभी प्राणियों को क्यों रहती है ?

अथवा

शबरी ने राम लक्ष्मण का सत्कार कैसे किया ?

19 उन्नत देश कौन से दो कार्य एक साथ सँभालते हैं ?

अथवा

सरस्वती पत्रिका का संपादन कार्य द्विवेदी जी को किस प्रकार प्राप्त हुआ ?

20 'सूखी डाली' एकांकी का केन्द्रीय भाव लिखिए ।

अथवा

प्रसन्न व्यक्ति का स्वास्थ्य पर क्या प्रभाव पड़ता है ?

21 सभा–सम्मेलनों में समय के संबंध में क्या देखा जाता है ?

अथवा

टिहरी शहर में माटी वाली का रहना जरूरी क्यों था ?

22 "जागी फिर से सोई पीड़ा" से कवि का क्या आशय है ?

अथवा

भाव सौंदर्य लिखिए :

अंजन कहा आँख जेहि फूटै ।

23 पृथ्वी और नारी को क्षमाशील क्यों कहा गया है ?

अथवा

कश्मीर के बारे में पौराणिक और ऐतिहासिक कौन सी बातें कही गयी हैं ?

24 निम्नलिखित पद्यांश की संदर्भ–प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए : 4

अब लौ मसानी, अब न नसैहौं
राम कृपा भव निसा सिरानी, जागे पुनि न डसैहौं
पायो नाम चारु चिंतामनि, डर कर ते न खसैहौं
स्याम रूप सुचि रुचिर कसौटी, चित कंचन नहि कसैहौं

अथवा

मन–मोहनी प्रकृति की जो गोद में बसा है,
सुख स्वर्ग सा जहाँ है, वह देश कौन सा है ?
जिसका चरण निरंतर रत्नेश धो रहा है,
जिसका मुकुट हिमालय, वह देश कौन–सा है ?

25 अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 5

वैदिक काल से हिमालय के पहाड़ बहुत पवित्र माने जाते हैं । इसमें कोई भी संदेह नहीं कि हिमालय के पहाड़ों का दृश्य अति सुन्दर है । उसकी विशालता को देख कर मन में आनंद और कृतज्ञता की लहर उठती है । ऐसा लगता है कि यह विशाल सृष्टि ईश्वर की देन है । सम्पूर्ण सृष्टि के प्रति समभाव जाग्रत होता है । सारे भारत की जलवायु को प्रभावित करने वाला यही हिमालय है । गंगोत्री, यमुनोत्री, बद्रीनाथ, केदारनाथ को तीर्थ माना जाता है । उन स्थानों से निकलने वाली पवित्र नदियाँ ही वास्तव में हमारी प्राण दात्री रही हैं ।

**प्रश्न –**

(i) उपर्युक्त अवतरण का उचित शीर्षक लिखिए ।

(ii) किस काल से हिमालय को पवित्र पहाड़ माना जाता है ?

(iii) उपर्युक्त गद्यांश में किन–किन तीर्थ स्थानों के नाम आये हैं ?

26 निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 5

फसल क्या है ?
और तो कुछ नहीं है वह
नदियों के पानी का जादू है वह
हाथों के स्पर्श की महिमा है
भूरी–काली संदली मिट्टी का गुणधर्म है
रूपांतर है सूरज की किरणों का
सिमटा हुआ संकोच है हवा की थिरकन का

प्रश्न –

(1) उपयुक्त शीर्षक दीजिए ।

(2) फसल पर किसका जादू चलता है ?

(3) भाव स्पष्ट कीजिए ।

27 शाला के प्राचार्य को स्थानान्तरण प्रमाण–पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र लिखिए । 5

अथवा

मित्र को एक बधाई पत्र लिखिए जिसमें उसने कक्षा दसवीं प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की हो ।

28 (अ) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर सारगर्भित निबंध लिखिए : 7+3=10

(i) विद्यार्थी और अनुशासन

(ii) पर्यावरण प्रदूषण

(iii) स्वच्छता अभियान

(iv) विज्ञान एक अभिशाप

(v) खेलों का महत्व

(ब) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर रूपरेखा लिखिए :

(i) जनसंख्या वृद्धि

(ii) वृक्षारोपण

(iii) मेरा देश महान

(iv) खेल जीवन का महत्वपूर्ण अंग है

(v) साहित्य और समाज ।